साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था निम्न पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है :

पद का नाम : पुस्तकालयाध्यक्ष
पदों की संख्या : एक (अनारक्षित)
पदस्थान : प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली
वेतनमान : लेवल 11/67700-208700 (7 सीपीसी)
(पे बैंड-III/15600-39100/ग्रेड पे-6600(6 सीपीसी))
आयु सीमा : 50 वर्ष
(भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)
नियुक्ति का आधार : सीधी भर्ती

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य :

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि।
2. दस वर्ष का अनुभव, जिसमें किसी प्रतिष्ठित पुस्तकालय में किसी वरिष्ठ पद पर कम से कम पाँच वर्षों का कार्य अनुभव।
3. दो अथवा उससे अधिक भारतीय भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान।
4. पुस्तकालय अनुरक्षण तथा सेवाएँ प्रदान करने की प्रमाणित दक्षता।
5. पुस्तकालय से संबंधित कंप्यूटरों का अच्छा ज्ञान।

वांछनीय :

i) पुस्तकालय विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि।
ii) भारतीय साहित्य का सामान्य ज्ञान और साहित्यिक समुदाय के साथ संपर्क।
iii) पुस्तकालय अनुसंधान का अनुभव।

पदस्थ को भारत में स्थित साहित्य अकादेमी के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है। ई-मेल द्वारा अथवा आवश्यक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत तथा अर्हता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यार्थी निर्दिष्ट आवेदन प्रक्रिया हेतु अकादेमी वेबसाइट देखें।

आवेदन पत्र अकादेमी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ वेबसाइट पर दिए गए विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों की समय-सीमा के अंदर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर ''पुस्तकालयाध्यक्ष प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली पद हेतु आवेदन'' का उल्लेख होना चाहिए।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/8/2020

प्रकाशन तिथि : 21 नवंबर 2020
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 21 दिसंबर 2020